हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 जून 2024

11 पहाड़ की चोटी तक सीढ़ियों के निर्माण को लेकर मंथन



12 ठेकेदारों ने कार्यकारी अभियंता के कार्यालय...



## खबर संक्षेप

### हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक कल

**चरखी दादरी।** लोहारू रोड पीएनबी के पीछे सार्वजनिक पार्क में आगामी 29 जून शनिवार को हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की जिला कार्यकारिणी की बैठक होगी। जिला प्रेस प्रवक्ता छतर सिंह छिल्लर ने बताया कि बैठक का समय प्रातः नौ बजे का रहेगा। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान होशियार सिंह सोनी व महिला प्रधान संतरा डबास करेंगे। चेयरमैन शीशराम यादव का मार्गदर्शन रहेगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य खंड स्तर पर कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए मांगों को पुरजोर रूप से उठाने का रहेगा।

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायतें होंगी सम्मानित

**बहल।** बहल के रिसोर्ट में 28 जून को टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में वित्तमंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान वित्तमंत्री दलाल 59 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेंगे। गांवों के सरपंच को टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने बताया कि जिले में 312 ग्राम पंचायत हैं, जिन्हें टीबी मुक्त घोषित करवाने के लिए छह इंडिकेटर प्राप्त करने थे और जिले का 312 ग्राम पंचायतों में से 10 प्रतिशत के टारगेट के हिसाब से 31 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करवाना था।

### मारपीट करने व धमकी देना पर मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस में दी शिकायत में वार्ड 13 निवासी अनीश ने बताया कि सोमवार को रात लगभग 10 बजे मैं व मेरा दोस्त अक्षय हमारे टैंपू के किराए के पैसे लेने के लिए सुमड़ा खेड़ा रोड़ निवासी योगेश के पास गए थे। योगेश के पास पहले से ही आकाश आशु व अन्य व्यक्ति बैठे थे जो शराब के नशे में थे। हमनें योगेश से किराया लेने के बारे में कहा तो आकाश ने इस बात को लेकर हमसे झगड़ा करना शुरू कर दिया। हम वहां से आने लगे तो आकाश, आशु व अन्य ने हमारा रास्ता रोक लिया और आकाश ने अपने हाथ में लिए हथियार से अक्षय के सिर में वार किया जिससे अक्षय वहीं गिर गया तथा आशु ने मेरे सिर में डंडे से वार किया।

# खस्ता नालों को लेकर मार्केट अधिकारियों को लगाई फटकार

## नालों में जमा है शिल्ट, अधिकारियों के साथ एडीसी ने किया शहर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सब्जीमंडी के पीछे के नालों की खस्ता हाल मिलने पर अधिकारी ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को फटकार लगाई। उक्त नाले का शीघ्र सफाई के निर्देश दिए। ताकि बारिश के वक्त नाले के जरिए क्षेत्र के पानी की निकासी हो सके। इसके अलावा अतिरिक्त उपायुक्त ने शहर के अन्य सीवरेज सिस्टम व नालों का निरीक्षण किया। अधिकारी ने तत्काल नालों की सफाई करने के आदेश दिए। एडीसी ने कहा कि इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई सहन नहीं होगी।

इस मौके पर नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त.कम.जिला नगर आयुक्त हर्षित कुमार ने पब्लिक हेल्थ, बिजली विभाग व नगर परिषद् के अधिकारियों को साथ लेकर शहर के चिड़िया घर रोड, सब्जी मंडी रोहतक रोड, बावड़ी गेट, ढ़ाणा रोड़, हनुमान ढाणी, मेहताब चौक, सिविल अस्पताल कृष्णा कॉलोनी, सेक्टर 13 स्थित नालों व एसटीपी का जायजा लिया। उनकी सफाई व्यवस्था जांची। एसटीपी में भी गंदगी मिली। अधिकारी ने एसटीपी की सफाई करने के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान एडीसी ने पब्लिक हेल्थ व नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान शहर में कहीं पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसटीपी सुचारू रूप से चलने चाहिए व कोई भी नाला बिना सफाई के नहीं रहना चाहिए। बिजली विभाग के अधिकारियों को एडीसी ने निर्देश दिए कि इन सभी एसटीपी पर बिजली सुचारू रूप से उपलब्ध होनी चाहिए व जितने भी एसटीपी के साथ लगते बिजले के खंबे व लटकती तारों को जल्द से जल्द ठीक करवाए जाए।

एडीसी हर्षित कुमार ने निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी के पीछे नालों की हालत बहुत ही खस्ता मिलने पर उन्होंने सचिव मार्केट कमेटी को नालों की सफाई व साथ लगते एचएसवीपी के स्ट्रॉम वाटर को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर.13 में लीकेज सीवरेज लाइन को तुरंत प्रभाव से ठीक करवाने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर पार्षद संदीप यादव, पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अधिकारी सुनील रंगा, नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी जसवंत, कार्यकारी अधिकारी पंकज पंवार, डीएचबीवीएन एसडीओ सूरज प्रकाश, एसडीओ रिपुदमन, एमई सुरेंद्र सांगवान, जेई आबिद हुसैन व आशीष, डीएमसी के पीए राहुल, सन्नी, सुनील ठेकेदार आदि मौजूद रहे।





**भिवानी।** नालों का निरीक्षण करते एडीसी और डिस्पोजल देखते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



### गाद के चलते पानी आगे नहीं बह रहा

शहर में अनेक जगहों पर नालों की सफाई नहीं हो पाई है। नालों की सफाई न होने की वजह से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों व गलियों में फैल रहा है। नालों में कहीं पर एक तो कहीं पर डेढ फुट तक गाद जमा है। गाद के चलते पानी आगे नहीं बह रहा। अगर जरा सी भी बारिश आई तो पानी आगे बहने की बजाए शहर की सड़कों पर जमा हो रहा है। इसका ताजा उदाहरण एक दिन हुई बारिश से लगाया जा रहा है। चूंकि हलकी बारिश से ही शहर के अनेक जगहों पर जलभराव हो गया था। लोगों को बारिश के पानी से ही होकर निकलना पड़ा। यह स्थिति करीब तीन से चार घंटों तक बनी रही थी। बाद में पानी की निकासी हुई तो शहर में जमा बारिश का पानी निकल पाया।

### हलकी बारिश में जलभराव

एक दिन पहले हुई हलकी बारिश की वजह से शहर में अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। हालांकि बाद में पानी की निकासी हो गई,लेकिन जिस हिसाब से पानी की निकासी हुई,उससे शहर के नालों की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई थी। यही स्थिति ग्रामीण इलाकों की रही। वहां पर अनेक जगहों पर बारिश जलभराव की स्थिति बनी रही।



**लोहारू।** बारिश के बाद सड़कों पर जमा पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# डेढ़ घंटे में 74 एमएम पानी बरसा, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

लोहारू में गुरूवार सुबह शहरवासियों के सहयोग और श्रीश्याम सेवा समिति के तत्वावधान में वृष्टि एवं समृद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ कार्यक्रम संपन्न होने के महज दो घंटे के भीतर इंद्र देव इतने मेहरबान हुए कि शहर और आसपास के इलाके में डेढ़ घंटे तक झमाझम बरसात हुई। करीब 74 एमएम से अधिक इस बरसात से जहां लोगों को गर्मी से राहत प्रदान की वहीं शहर की प्रत्येक चौक चौराहे एक बारगी तो तालाब में तब्दील हो गए। वहीं इस बरसात ने इलाके के किसानों के चेहरे भी खिला दिए हैं। यह बरसात कपास की फसल के संजीवनी मानी जा रही है।

बता दें कि पिछले तीन चार दिनों से इलाके में उमस भरी गर्मी का दौर जारी था। आसमान में बादल दिखाई देते लेकिन तेज हवाओं के बाद बादल ये बादल बिन बरसे ही छंट जाते। जिससे लोगों को उमस भरी गमी से दो चार होना पड़ता था। इलाके के लोग मानसून पूर्व की बरसात की आस लगाए बैठे तथा मानसून पूर्व की बरसात कपास आदि की फसल को संजीवनी प्रदान करती है। गुरुवार को दोपहर करीब 1:35 बजे आसमान में घने काले बादल छा गए और झमाझम बरसात शुरू हो गई। नायब तहसीलदार संजय पाराशर से मिली जानकारी के अनुसार लोहारू में करीब 74 एमएम बरसात दर्ज की गई है। इस बरसात का जहां बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया वहीं युवाओं ने बरसात के दौरान बाइक और स्कूटी की सवारी कर वर्षा का आनंद लिया।

### यहां जलभराव

बरसात के कारण लोहारू के मुख्य बाजार, पंचायती मंदिर, लोक निर्माण विश्राम गृह, बस स्टेंड, चौ देवीलाल चौक और पुराना शहर के माता चौक सहित कई निचले स्थानों पर बरसाती पानी जमा हो गया। लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से आगामी बरसाती सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर की जल निकासी व्यवस्था को भी दुरुस्त करने की मांग की है। उधर इलाके में इस बरसात ने क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर रौनक ला दी है। क्योंकि यह बरसात कपास की फसल के लिए संजीवनी से कम नहीं है। अधिक गर्मी के कारण किसानों की कपास की फसल मुरझा गई थी तथा पछेती फसल तो बिलकुल सूख चुकी है। यह बरसात फसलों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

# रोजगार मेले में 70 युवाओं ने लिया भाग, ऑफर लेटर दिए

**भिवानी।** जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में श्रीश्याम बायो फर्टिलाइजर कंपनी व अन्य औद्योगिक इकाईयों द्वारा लगभग 70 प्रार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले के दौरान प्रार्थियों को रोजगार विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं व योजनाओं बारे विस्तार से जानकारी दी। रोजगार मेले के दौरान सहायक रोजगार अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार विभाग द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिए समय.समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में डीसी कॉलोनी में स्थित जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के आधार पर युवाओं को विभिन्न पदों के लिए नौकरी के ऑफर लेटर दिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे समय.समय पर विभाग द्वारा आयोजित इन रोजगार मेलों में अधिक से अधिक भाग लेकर रोजगार प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि इस मेले में 70 युवाओं ने भाग लिया। रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को सहायक रोजगार अधिकारी ने शुभकामनाएं दी।

# बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत, फसलों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद वीरवार को दोपहर बाद बारिश हुई है। जिससे लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली है। वहीं बारिश से फसलों में भी लाभ होगा। बारिश के बाद मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दे कि बीते कई दिनों से क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे थे। पहले जहां लू के थपेड़ों ने लोगों को जमकर परेशान किया तो इस सप्ताह उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए बारिश के इंतजार कर रहे थे।

वीरवार को मौसम में सुबह से ही परिवर्तन देखने को मिला और आसमान बादल छाने के साथ तेज पुरवाई हवा चल रही थी। दोपहर बाद आसमान में घने बादल छाए और बारिश शुरू हुई। करीब 40 मिनट तक हुई इस बारिश ने उमस व गर्मी से लोगों को राहत दिलाई और मौसम सुहाना होने से लोगों को सुकून मिला। वहीं भीषण गर्मी से मुरझा रही कपास, ज्वार, सब्जी आदि की फसलों में भी बारिश से काफी लाभ होने की उम्मीद है। आज हुई बारिश से सबसे ज्यादा फायदा किसानों को होगा। क्योंकि इस वक्त खरीफ की फसलों की बिजाई की जानी है। फिलहाल बारिश से भूमि में पर्याप्त नमी बनी है। जिससे किसान आराम से फसलों की बिजाई कर सकेंगे। वहीं बारिश के बाद किसान अपने खेतों में धान की रोपाई भी शुरू कर सकेंगे। किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई के लिए पानी भरना आरंभ कर दिया है।



- भीषण गर्मी से मुरझा रही कपास, ज्वार, सब्जी आदि की फसलों में भी बारिश से काफी लाभ होने की उम्मीद

### बिना बरसे निकल गए बादल

भिवानी शहर व आसपास के इलाकों में गुरुवार को काली घटाए छाई। पूर्वी हवा ने तेजी पकड़ी,लेकिन बिना बरसे ही काली घटाए निकल गई। दोपहर बाद से लेकर देर शाम तक कई बार भिवानी में बारिश आने के आसार बने,लेकिन बिना बरसे ही बादल निकल गए। हवा ने भी गति पकड़ी। पर बारिश नहीं आई। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले भिवानी में बारिश हुई थी। जिसके चलते पारा तीन से चार डिग्री नीचे भी लूढक गया।

# एंबुलेंस कंट्रोल रूम पर सीएम फ्लाइंग का छापा

- एंबुलेंस कंट्रोल रूम मे रिकॉर्ड और लाइव लोकेशन में कमियां पाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सामान्य अस्पताल के एंबुलेंस कंट्रोल रूम में सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा। आज सीएम फ्लाइंग की टीम ने सामान्य अस्पताल के एंबुलेंस कंट्रोल रूम में छापा मारा और इस मामले में सीएम फ्लाइंग की और से नोडल अधिकारी ने बताया कि रिकॉर्ड की जांच की व लोगो से फोन पर बात कर के पूछा गया। सीएम फ्लाइंग की टीम ने ये भी जांच की के कितनी एंबुलेंस लगी और उन एंबुलेंस की लाइव लोकेशन की जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि जिले में 25 एंबुलेंस है और भिवानी शहर में टोटल पांच एंबुलेंस है जो सुचारू रूप से चल रही है और दो एंबुलेंस रिपेयर के लिए गई हुई है जो रिपेयर होने के बाद वापस अपनी सेवाएं देंगी। सीएम फ्लाइंग की टीम को एंबुलेंस कंट्रोल रूम मे रिकॉर्ड और लाइव लोकेशन में कमियां पाई गई जिस पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने अधिकारी को कमियों को ठीक करने के आदेश दिए।



**भिवानी।** अस्पताल के एम्बुलेंस कंट्रोल रूम के रिकार्ड की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पापा का जानकार बताकर 13000 रुपये का किया फ्रॉड, साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दर्ज किया केस

**बाढ़ड़ा।** गांव बेरला निवासी एक युवक को उसका पापा का जानकार बताकर धोखाधड़ी से 13 हजार रुपये की चपत लगाने का मामला सामने आया है। धोखाधड़ी का शिकार हुए युवक ने चरखी दादरी साइबर क्राइम थाने में शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस ने बीती शाम केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बाढ़ड़ा उपमंडल के गांव बेरला निवासी दीपक ने बताया कि बीते 21 जून को उसके मोबाइल नंबर पर एक फोन आया। जिसमें फोन करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को उसके पापा का जानकार बताया और कहा कि आपके पापा के 12 हजार रुपये भेज रहा हूं। उसके बाद उसे 20 हजार व 10 हजार कुल 30 हजार रुपये प्राप्त होने के संबंध में दो मैसेज प्राप्त हुए। उसके बाद उसने कहा कि गलती से रुपये ज्यादा भेज दिए है आप रूपये वापिस कर दो। उसके बाद व्हाटसएप्प पर उक्त व्यक्ति ने क्यूआर कोड भेजा जिस पर उसने 6 बार दो.दो हजार रुपये व एक बार एक हजार रुपये कुल 13 हजार रुपये क्यूआर कोड के माध्यम से उक्त व्यक्ति को भेज दिए। उसके बाद उसने उससे दोबारा रुपये मांगे तो उसने अपना बैंक खाता का बैलेंस चेक किया तो पता लगा कि उक्त व्यक्ति द्वारा उसके पास रुपये नहीं भेजे गए हैं।

# एसपी ने किया थाना जूई कला का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस अधीक्षक भिवानी वरुण सिंगला ने थाना जूई कला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने थाने का रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड का निरीक्षण के साथ महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाने के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की और कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाये। पुलिस थाने में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुने।

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधक को थाने का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने, थाना परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए और पुलिस कब्जे में लिए गए वाहनों के मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दे कहा कि थाना में कोई भी कार्य लंबित नही रहना चाहिए। सभी कार्य समय अवधि में पूरे किए जाए। थाने में पुलिस जवानों के रहन.सहन व मैस आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा.निर्देश दिए व कहा कि थाना मैस में सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के अनुसंधानकर्ता की बैठक लेकर अभियोग में समय के अंदर प्रभावी पुलिस कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए गए।



**भिवानी।** थाने का निरीक्षण करते एसपी। फोटो : हरिभूमि

- थाने का रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड का निरीक्षण के साथ महिला डेस्क की जांच की।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

# शिविर में रक्तदान करने वाले 30 युवाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में एक कदम रोशनी की ओर समिति ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 30 यूनिट रक्तदान किया। पहली बार रक्तदान करने वाले सात रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर विशेष तोर पर सम्मानित किया। शिविर का आयोजन करने पर समिति के रक्तदान प्रभारी ओमप्रकाश सैनी को सीएमओ डॉ. रघुवीर रशांडिल्य व डॉ. मोनिका सांगवान ने सम्मानित किया। शिविर में डॉ. शांडिल्य ने कहा कि जब भी हमें रक्त की जरूरत पड़ती है तो समिति हमारी एक कोल पर रक्तदान शिविर का आयोजन करती है। इस अवसर पर भागीरथ शर्मा, सुरेश सैनी, जगदीशचंद्र सैनी, चिरंजीलाल सैनी, मास्टर मनोज, चिरंजीलाल सैनी, सुनील पंवार, शंकर खरबंदा, महेंद्र योगी, बलवंत सैनी, मुकेश सोनी, मुकेश सैनी, मास्टर सुनील सैनी, नवनीत शर्मा, मुकेश सोनी व मुकेश सैनी आदि उपस्थित रहे।




**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बच्ची के लिए रक्तदाता शशिकांत ने किया रक्तदान



**भिवानी।** इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ इसलिए टूट जाती है,क्योंकि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता। आज भी लोग गलत धारणाओं के कारण रक्तदान करने में हिचकते हैं, जबकि रक्तदान करने से रक्तदाता को कई गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। इसी कड़ी में देर रात चुघ अस्पताल में दाखिल बच्ची के लिए बी पॉजिटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत हुई तो युवा रक्तदाता शशिकांत ब्लड बैंक पहुंचे और उन्होंने निःस्वार्थ रक्तदान कर ब्लड की पूर्ति की। रक्तवीर राजेश डुडेजा ने युवाओं को बदलते समय के अनुसार मानव रक्त को समाज की बड़ी जरूरत बताते हुए हर व्यक्ति को रक्तदान करके जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. मनदीप पंघाल, लैब टेक्नीशियन संदीप नैन, सतीश कुमार आदि मौजूद थे।



विशेष : अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र-ग्रह दिवस, 30 जून

बच्चों, तुमने एस्टेरॉयड्स यानी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में सुना या पढ़ा होगा। ये ऐसे अनोखे खगोलीय पिंड होते हैं, जो हमेशा से खगोलविदों और खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वालों के मन में जिज्ञासा और कौतुहल जगाते रहे हैं। जानो, इन रहस्यमयी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में कुछ खास बातें।

# ग्रह-उपग्रह से अलग क्षुद्र-ग्रह

नॉलेज / शिखर चंद जैन


बच्चों, क्षुद्र-ग्रह के नाम में भले ही ग्रह शब्द जुड़ा है, लेकिन वास्तव में ये ग्रह नहीं होते हैं, क्योंकि ग्रहों के लिए तय पैमाने पर ये खरे नहीं उतरते हैं। ये उपग्रह भी नहीं हैं, क्योंकि ये किसी ग्रह के चारों ओर चक्कर नहीं लगाते हैं। असल में क्षुद्र-ग्रह अंतरिक्ष की चट्टानों, धूल और मलबे के छोटे-बड़े टुकड़े होते हैं, जो अरबों वर्षों से इसी स्थिति में अंतरिक्ष में विचरण कर रहे हैं। बच्चों, अगर तुम सोचते हो कि सारे ग्रहों की तरह क्षुद्र-ग्रह भी गोलाकार, अंडाकार होते हैं, दिखने में बेहद खूबसूरत या चमकीले होते हैं या यह बहुत सिस्टमेटिक तरीके से सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं, तो हम तुम्हें जानकारी दे दें कि ज्यादातर क्षुद्र-ग्रहों का कोई निश्चित आकार नहीं होता। आमतौर पर ये किसी मिट्टी के धेले या आलू की तरह दिखते हैं। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यह लुढ़कते और घूमते हैं, इनका व्यास कुछ फीट से लेकर कई सौ मीलों तक का हो सकता है। क्षुद्र-ग्रह वास्तव में ग्रह हैं ही नहीं, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को बहुत बाद में पता चली।

## सबसे पहला खोजा गया क्षुद्र-ग्रह

बच्चों, पहला क्षुद्र-ग्रह इटली के खगोल शास्त्री ग्युसेप पियाजी ने 1 जनवरी 1801 में खोजा था। इसका नाम उन्होंने रोम की कृषि देवी के नाम पर 'सेरेस' रखा। 19वीं सदी के मध्य तक इसे ग्रह ही माना जाता रहा, लेकिन बाद में इसकी वास्तविकता सामने आई, क्योंकि बड़ी दूरबीनों से भी ये पिंड तारों जैसे ही नजर आते थे। खगोल वैज्ञानिक विलियम हर्शेल ने इन्हें 'क्षुद्र-ग्रह' यानी 'एस्टेरॉयड' नाम दिया, जिसका अर्थ होता है- तारे के आकार का। इसे 'प्लेनेटॉयड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है- ग्रह जैसा। 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने सेरेस को 'बौना ग्रह' यानी 'ड्वार्फ प्लेनेट' समूह में रखने का प्रस्ताव दिया था।

## सबसे बड़े आकार वाले क्षुद्र-ग्रह

कुछ क्षुद्र-ग्रह आकार में इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटा ग्रह मान लिया गया है। चार सबसे बड़े क्षुद्र-ग्रह हैं- सेरेस, वेस्टा, पलास और हाइजिया। इनके बारे में क्रमवार जानो-



सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह 'सेरेस'

**सेरेस:** यह अब तक खोजा गया सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह है। इसे बौना ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। इसका व्यास 597 मील है। इसमें क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के कुल द्रव्यमान का एक तिहाई हिस्सा समाहित है।

**वेस्टा:** वेस्टा का व्यास 329 मील है। इसे एक छोटा ग्रह माना जाता है। वेस्टा आकार में छोटा है, लेकिन पलास से भारी है। पृथ्वी से यह सबसे चमकीला क्षुद्र-ग्रह नजर आता है। इसका नाम रोमन देवी 'वेस्टा' के नाम पर रखा गया है।

**पलास:** ग्रीक देवी 'पल्लास एथेना' के नाम पर इस क्षुद्र-ग्रह का नामकरण किया गया है। सेरेस के बाद इसकी ही खोज की गई थी। यह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा खगोलीय पिंड है, जो आकार में गोल नहीं है।

**हाइजिया:** हाइजिया कार्बन सरफेस वाले क्षुद्र-ग्रहों में सबसे बड़ा है। इसका नाम ग्रीक स्वास्थ्य देवी के नाम पर रखा गया है। यह 220 मील चौड़ा और 310 मील लंबा है। इसकी आकृति लगभग गोल है।




## क्षुद्र-ग्रह के प्रकार

रासायनिक संरचना के अनुसार क्षुद्र-ग्रहों को विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। मुख्य रूप से ये तीन तरह के होते हैं- 1.कार्बन सतह वाले 2.सिलिकॉन सतह वाले और 3.धातु सतह वाले। ज्यादातर क्षुद्र-ग्रह कार्बन सतह वाले होते हैं। कुल क्षुद्र-ग्रहों में इनकी संख्या लगभग 75 फीसदी है, जबकि 17 फीसदी क्षुद्र-ग्रह सिलिकॉन सतह वाले होते हैं। बाकी 8 फीसदी में धातु सतह वाले या अन्य क्षुद्र-ग्रह शामिल हैं। *

### क्षुद्र-ग्रहों का प्रमुख समूह ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह

क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के बाहर क्षुद्र-ग्रहों के अन्य समूह भी हैं। इनमें एक प्रमुख समूह 'ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह' है। ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह किसी ग्रह या चंद्रमा के साथ एक कक्षा साझा करते हैं। अधिकांश ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह बृहस्पति के साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र-ग्रह बेल्ट में जितने क्षुद्र-ग्रह होते हैं, उतने ही ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह भी हो सकते हैं।



प्रिपरेशन / अंजू जैन

# खुल रहे हैं स्कूल रहना है रेडी-कूल



बच्चों, समर वेकेशंस के बाद स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाने के लिए खुद को खूब अच्छे से कैसे प्रिपेयर करो, इस सेशन में तुम्हारी स्टडी कैसे बेहतर ढंग से हो कि तुम्हारा रिजल्ट बेस्ट रहे, जानो।

बच्चों, गर्मियों की लंबी छुट्टियां बीत गई हैं। स्कूल खुलने वाले हैं। कुछ बच्चे तो स्कूल जाने के लिए उत्साहित होंगे, लेकिन कुछ बच्चे यह सोचकर उदास होंगे कि अब उनकी मस्ती खत्म। लेकिन बच्चों स्कूल जाना जरूरी है, पढ़ाई से ही तुम्हारा करियर बनता है, उज्ज्वल भविष्य बनता है। तुम स्कूल हमेशा उत्साह-उमंग के साथ जाओ। इससे तुम्हें स्कूल जाने और पढ़ने में तो मजा आएगा ही, साथ ही तुम स्टडी में पहले से कहीं अच्छी तरह परफार्म करोगे।

**कैलेंडर देखकर प्लान करो:** बच्चों, तुमने सुना होगा कि 'टाइम इज मनी।' इसलिए समय को कभी बर्बाद मत होने दो। इसे अपनी पढ़ाई, मनोरंजन, खेलकूद और आराम के लिए इस्तेमाल करो। इसके लिए एक-एक दिन की प्लानिंग करना जरूरी है। हमेशा अपने सामने एक कैलेंडर रखो और आने वाले वीक में क्या-क्या नया करना है, कब और कैसे करना है, पढ़ने और खेलने का क्या समय होगा, इसकी पूरी प्लानिंग करो और इसे सही ढंग से अमल में भी लाओ।

**ना छूटे रीडिंग की आदत:** समर वेकेशन में जब तुम्हें मौका मिला तो तुमने तरह-तरह की बुक्स



की रीडिंग की होगी। यह आदत बनाए रखो। रोजाना कोई अच्छी किताब, बाल पत्रिका या अखबार पढ़ो। इससे तुम्हें देश-दुनिया के नए समाचार मिलेंगे, नई तकनीक और आविष्कारों का भी पता चलेगा, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, साथ ही पढ़ने में तुम्हारा इंटरेस्ट भी बना रहेगा।

**हेल्दी डाइट लो:** बच्चों, पढ़ाई में तुम्हारा दिमाग अच्छे से काम करे, तेज रहे, इसके लिए तुम्हारी बॉडी का फिट एंड एनर्जेटिक रहना बहुत जरूरी



है, इसलिए हमेशा हेल्दी डाइट लो। तुम्हें विटामिन-मिनरल युक्त, सुपाच्य और ताजा भोजन करना होगा। घर का ही बना ताजा भोजन, दालें, फल, सब्जियां और दूध-दही का नियमित सेवन करो। इससे तुम हमेशा स्वस्थ रहोगे और पढ़ने में भी मन लगेगा। *

### खुलेंगे स्कूल तो आएगा मजा

स्कूल खुलने पर उदास होने के बजाय खुश होना चाहिए। क्योंकि लंबे समय बाद तुम्हें अपने क्लासमेट्स मिलेंगे, जिनके साथ तुम खूब मौज-मस्ती, खेलकूद और हंसी-मजाक करते थे। साथ ही वे टीचर्स भी मिलेंगे, जो तुम्हारी प्रॉब्लम्स को चुटकियों में सॉल्व कर देते हैं। बच्चों, याद रखो पढ़ाई-लिखाई एक बोझ नहीं, बल्कि तुम्हारे जीवन को सहज-सुगम, सफल और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसलिए अनमने ढंग से स्कूल जाने के बजाय हैप्पी, कूल और पॉजिटिव एटिट्यूड के साथ स्कूल जाने की तैयारी शुरू कर दो। हमारी गुड विशेज ...

## जीके क्विज-110

1. अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
2. लगातार तीसरी बार किसे भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है?
3. पिछले दिनों किस देश ने अपनी पहली अंतरिक्ष एजेंसी KASA प्रारंभ की?
4. हाल ही में हैदराबाद किस राज्य की पूर्ण राजधानी बना है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. 'लावणी' किस राज्य का पारंपरिक नृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-109 का उत्तर :** 1.उपेंद्र द्विवेदी, 2.पेमा खांडू, 3.महर्षि पतंजलि, 4.21 जून 2015, 5.जिमनास्टिक्स, 6.व्हांगहो, 7.किडनी, 8.फुटबॉल 9.स्कॉटलैंड 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-109 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, नितिन-दुर्ग, कबीर-हिसार, आरती-ईमेल से, अत्रेयन-ईमेल से, अजय-धमतरी, लीना-ईमेल से, अंजलि-ईमेल से, शुभम-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, क्षमानिधि-बेमेतरा, दिव्यम-रोहतक, केशव-भोपाल, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले

**टीचर** : मैंने ब्लैक बोर्ड पर क्या लिखा है, पढ़कर बताओ।
**रोहन** : तरबूजा।
**टीचर** : ठीक से देखो, तजुरबा लिखा है।
**रोहन** : सर, गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि तजुरबा भी तरबूजा दिखाई दे रहा है।

**-आकाश, रोहतक**

**चिंटू** : मम्मी, एडमिशन फॉर्म में आइडेंटिफिकेशन मार्क के कॉलम में क्या लिखूं?
**मम्मी** : 'हाथ में मोबाइल' लिख दो।

**-अमन, रायपुर**



**पप्पू** : पढ़ाई कैसी चल रही है?
**गप्पू** : समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाता हूं, बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाता हूं, चुल्लू भर नंबर आते हैं... उसी चुल्लू में डूबने का मन करता है।


**-हितेन, भोपाल**

कहानी

पवन कुमार वर्मा

# मुर्गों की आपात बैठक

मुर्गों को लगा कि अब वो जमाना गया, जब लोग उनकी बांग से सुबह जागते थे। मुर्गों ने एक आपात बैठक बुलाई कि क्या उन्हें अब सुबह-सुबह बांग देना चाहिए? युवा मुर्गों का मत था, बदले दौर को देखते हुए हमें बांग देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन बूढ़े मुर्गे इस बात से सहमत नहीं थे, उन्होंने जो तर्क रखे, युवा मुर्गे आगे कुछ ना बोल सके। आखिर मुर्गों की इस बैठक में तय क्या हुआ?



आज मुर्गों ने आपात बैठक बुलाई थी, जिसे लेकर पूरे मुर्गा समाज में गहमा-गहमी थी। दूर-दूर से मुर्गे इस आपात बैठक में भाग लेने आए थे। दरअसल, कुछ वर्षों से मुर्गे बहुत परेशान थे। लोगों को सुबह जल्दी जगाने के लिए उन्हें बांग देने की आदत है- कुकड़ू-कू... कुकड़ू-कू। लेकिन अब उनकी बांग का कोई असर ही नहीं होता। लोग जल्दी सोना और जल्दी जागना भूल गए हैं। मुर्गे की बांग से जागना लोगों के लिए अब बीते जमाने की बात हो गई है। ऐसे में मुर्गों को क्या करना चाहिए? यह बैठक इसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में आए मुर्गे अपनी-अपनी जगह बैठ गए। कुछ मुर्गे तो केवल बढ़िया खाने की लालच में आए थे। वे इस प्रतीक्षा में थे कि बैठक जल्द समाप्त हो और वे खाने पर टूट पड़ें।

'भाइयों! अब आप बारी-बारी से अपनी बात रखना प्रारंभ करें।' इस घोषणा के साथ बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले एक उत्साही नौजवान मुर्गे ने बड़े जोर-शोर से अपनी बात रखी, 'मुझे तो लगता है कि सुबह-सुबह हमारे बांग देने का कोई अर्थ नहीं रह गया है। रात-दिन का अंतर अब समाप्त हो चुका है। दुनिया बदल गई है। लोग चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। जब सोकर उठने का समय होता है, तब लोग सोने जाते हैं। फिर क्यों हम उन्हें अनावश्यक परेशान करें?' 'मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। अब हमें भी बदलते वक्त और लोगों की सुविधानुसार खुद को बदलना चाहिए। इसी में समझदारी है भाई।' एक और नौजवान मुर्गे ने सभी को आगाह किया। तभी एक अधेड़ उम्र मुर्गे ने ऐसी बात कह दी कि पंडाल ठहाकों से गूंज उठा, 'भाई! कौन-सी बांग की बात कर रहे हैं आप? मैं जहां रहता हूं, वहां एक छात्रावास है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। मैं सुबह बांग देने के लिए आंखें मलता जब बाहर आता हूं, तो हैरान रह जाता हूं। छात्रावास के बच्चे पहले से ही मैदान में कसरत और योग करते दिखाई देते हैं। हमसे पहले तो छात्रावास में लगी घंटी उन्हें जगा देती है। ऐसे में उन्हें हमारी बांग की क्या जरूरत?'

'लेकिन इसके बाद भी तो जल्दी उठने वालों की संख्या दिनों-दिन घट रही है। आखिर लोग सुबह जल्दी उठने का लाभ क्यों नहीं लेना चाहते? शायद इसी कारण लोगों का स्वास्थ्य समय से पहले गड़बड़ हो रहा है।' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने उस अधेड़ उम्र मुर्गे की बात पर टिप्पणी की। 'भाई देखिए, चाहे कोई कुछ भी कहे, यह मामला बहुत गंभीर है। प्रकृति ने जो कार्य हमें सौंपा है, उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। अब हमें भी अपने लिए कोई और काम सोचना चाहिए। हम दिनों दिन अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।' एक शांत स्वभाव वाले बूढ़े मुर्गे ने बड़ी विनम्रता से अपनी बात रखी। कुछ मुर्गों ने उसकी बात का भी समर्थन किया।

'अब आप लोग ही कोई सुझाव दीजिए। क्या हमें बांग देने का काम छोड़ देना चाहिए?' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने पूछा।

'कतई नहीं। कम से कम मैं तो बांग देना नहीं छोड़ूंगा। यह कार्य हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं। आज भी गांव-देहात में लोग हमारी बांग पर ही उठते हैं।' एक बूढ़ा मुर्गा कांपती आवाज में बोला। सभी की निगाहें उसकी ओर चली गईं। तभी एक और बूढ़ा मुर्गा लड़खड़ाती आवाज में बोला,'लोगों की सुविधा के लिए हमें अपने-आप को कतई नहीं बदलना चाहिए। वह भी तब, जब लोग जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इस समय हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें इसे और भी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।'

'मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे विश्वास है कि देर-सवेर लोग इस बात को जरूर समझेंगे। वे सुबह जल्दी उठेंगे। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। अपना कार्य जोर-शोर से करते रहना चाहिए।' एक और बूढ़े मुर्गे ने कड़कती आवाज में अपनी बात रखी। उसकी बात समाप्त होते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे। युवा मुर्गे भी खामोश रहे। उन बूढ़े मुर्गों की बात सुनकर सभी का टूटा विश्वास फिर से लौट आया था। धीरे-धीरे सभी बूढ़े मुर्गों की बातों पर सहमत हो गए। अंत में यह तय किया गया कि वे सुबह बांग देना बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। कभी न कभी तो वह दिन आएगा, जब लोग जल्दी सोने और जल्दी उठने के फायदे समझेंगे और इस आदत को अपनाएंगे। *

कविता

शिवचरण चौहान





## टिटहरी का गीत

टिट टिटहरी टिट टिटहरी
टी टी टी टी बोले।
उड़े गगन में ऊंचे चिड़िया
पंख हवा में तोले।।
नहीं टिटहरी बैठा करती
कभी किसी भी पेड़ में।
बैठा करती टीले ऊपर
कभी खेत की मेड़ में।
नन्हे-नन्हे बच्चे इसके
लगते कितने भोले।।
पंख हवा में तोले।।
लाल चोंच है,पीठ सिलेटी
और पैर हैं पीले।
ताल किनारे रहती
फिर भी पैर न करती गीले।
अरी टिटहरी घर आ मेरे
बिस्तर में आ सो ले।।
पंख हवा में तोले।।

## रंग भरो-153

**रंग भरो-153** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





निशिता, दिल्ली



दिव्यांश, दुर्ग



दिव्या, बिलासपुर



डॉली, मटियारी



दीक्षा, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, प्रगति-बिलासपुर, सौम्य-बालोद, युक्ति-धमतरी, दिशांत-महेंद्रगढ़, शुभम-बिलासपुर, लोकेश-रोहतक, कमल-महासमुंद, प्रिया-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, रौनक-धमतरी, कृश-बालोद



अंकित, धमतरी


## रंग भरो 154

बच्चों, इस चित्र में चिंटू अपने डॉगी को प्यार से खाना दे रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## एक समान चित्र खोजो

बच्चों, यहां मंकी के कई सारे चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। तुमको एक जैसे दिखने वाले दोनों चित्रों को खोजना है। जल्दी से खोजो जरा




उत्तर: d और e

## खबर संक्षेप

### 'नीट में धांधली युवाओं के भविष्य से खिलवाड़'



**चरखी दादरी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मनीषा सांगवान ने कहा कि नीट परीक्षा में धांधली कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ की गई है। पेपर लीक कर मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के हकों पर डाका डाला गया है। पेपर लीक कर उसमें धांधली करने की बात सामने आ चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। जो सरकार में शामिल लोगों की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। मनीषा ने कहा कि नीट परीक्षा का परिणाम आने के बाद से ही यह परीक्षा सवालों के घेरे में थी।

### कांग्रेस नेता अनिरुद्ध आज लेंगे बैठक

**तोशाम।** कांग्रेस नेता एवं बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी 28 जून आज सुबह 10 बजे भिवानी में तोशाम हलके के कर्मठ कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। कांग्रेस युवा हल्का प्रधान मनदीप दुहन ढाणीमाह, दिनेश धनखड़ व गणेश मित्तल ने बताया कि विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर तोशाम हलके के कार्यकर्ताओं की बैठक अनिरुद्ध चौधरी भिवानी स्थित विजय नगर में लेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के सपनों को साकार करने के लिए अनिरुद्ध चौधरी तोशाम हलके के ग्रामीणों के साथ सुख-दुःख में खड़े रहते हैं।

### बिजाई से पहले बीज का उपचार करें : सैनी

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा हिंदुस्तान गम एंड केमिकल्स भिवानी के तत्वावधान में गांव घंघाला में कृषि शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को ग्वार, नरमा, कपास, मूंग, बाजरा आदि फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। कृषि विभाग से पहुंचे विषय विशेषज्ञ डा. शमशेर सिंह जांगड़ा ने मोटे अनाजों विशेषकर बाजरा को अपने भोजन में शामिल करने पर जोर दिया। सेवानिवृत्त डा. आरके सैनी ने ग्वार फसल की भरपुर पैदावार लेने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने ग्वार की बिजाई से पहले बीज को उपचारित करने का आह्वान किया।

## तोशाम के सौंदर्यीकरण की दिशा में मिलकर करेंगे काम: एसडीएम

# पहाड़ की चोटी तक सीढ़ियों के निर्माण को लेकर मंथन

**एसडीएम की अपील पर क्षेत्रवासियों ने बढ़ाया सहयोग के लिए कदम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम



**तोशाम।** बैठक को संबोधित करते एसडीएम दलाल। फोटो: हरिभूमि

तोशाम पहाड़ी पर स्थित बाबा मुंगीपा मंदिर से पहाड़ की चोटी तक सीढ़ियों के निर्माण के लिए उपमंडल परिसर भवन में स्थित सभागार में बैठक कर गणमान्य व्यक्तियों ने मंथन किया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने की। एसडीएम की अपील पर बैठक में पंहुचे लोगों ने एकमत से सीढ़ियों के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने का निर्णय लेते हुए सहयोग के लिए कदम बढ़ाया। मौके पर कमेटी का गठन किया।

तोशाम के सरपंच राजेश तंवर कमेटी के अध्यक्ष होंगे। समाजसेवी अनिल शर्मा कमेटी के संरक्षक, क्रेशर संचालक भीष्म महता सचिव व अनिल गर्ग बागनवालिया कोषाध्यक्ष होंगे। मंगलवार को कमेटी की बैठक बुलाई गई है। एसडीएम दलाल ने कहा कि कस्बे के सौंदर्यीकरण के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। एसडीएम ने कहा कि तोशाम व आसपास के गांवों में बाबा मुंगीपा के प्रति गहरी आस्था है। तोशाम की पहाड़ी का धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से काफी महत्व है, जिसके महत्व को बनाए रखा जाना चाहिए। बैठक में एसडीएम ने आपसी सहयोग से पहाड़ की चोटी तक सीढ़ियां बनाने का प्रस्ताव रखा। एसडीएम के प्रस्ताव पर सभी ने सहमति जताते हुए अधिकतर लोगों ने तुरंत सहयोग राशि देने की घोषणा कर दी। एसडीएम की अपील पर कमेटी सदस्यों के नाम मौके पर तय किए। इस मौके पर समाजसेवी अनिल शर्मा, क्रेशर एसोसिएशन से भीष्म महता, निजी अस्पताल संचालकों से डॉ. कुलदीप भारद्वाज, सरपंच एसोसिएशन से सरपंच बलजीत, अमित अग्रवाल, किरयाना एसोसिएशन से विकास सिंगला ने विचार रखे। इस मौके पर तोशाम के सरपंच राजेश तंवर, सुरेश लाठर, डाडम सरपंच बिजेंद्र सिंह, जयसिंह सिंधु, राजेन्द्र पंसारी, डॉ. अश्वनी बजाज, डॉ. सन्दीप टांक, राकेश मुंढालिया, राकेश महता, बनारसी शर्मा, डॉ. सुमित कौशिक, मेडिकल एसोसिएशन प्रधान सुरेंद्र शर्मा, खजांचीलाल मित्तल, प्रीतम रहेजा, महेंद्र सिंह, अजय मुटरेजा, प्रदीप रिवासा, विनोद बिरड़ा, भोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुंडू ने चलाया डोर-टू-डोर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** डोर टू डोर अभियान के तहत लोगों से मुलाकात करते आप जिलाध्यक्ष धनराज कुंडू। फोटो: हरिभूमि

आम आदमी पार्टी की सरकार में दिल्ली व पंजाब में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों से हरियाणा की जनता भी काफी प्रभावित है तथा वे भी वर्ष 2024 में प्रदेश में आप की सरकार बनाना चाहते है, ताकि हरियाणा प्रदेश के रूके हुए विकास को गति दी जा सकें। हरियाणा प्रदेश के विकास की सोच रखते हुए आज प्रदेश का आमजन आप में आस्था जता रहा है, जिसके चलते आप का कुनबा निरंतर बढ़ता जा रहा है। ये बात आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धनराज कुंडू ने गांव रानिला में बदलाव जनसंवाद के तहत डोर-टू-डोर कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

जिलाध्यक्ष कुंडू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा आमजन के विरोध में लिए फैसलों व नीतियों की जानकारी प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान आप की नीतियों एवं दिल्ली व पंजाब में आप शासनकाल में हुए विकास कार्यों की जानकारी भी नागरिकों तक पहुंचाई जा रही है। कुंडू ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से तंग आ चुके है, क्योंकि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार पनपा है, बेरोजगारी व महंगाई बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह से दुःखी हो चुकी।

## तप से किए गए शोध से मिली जीवन जीने की विद्याः हरपाल शास्त्री

**बहल।** योगाचार्य हरपाल शास्त्री ने कहा कि योग हमारी ऋषि मुनियों की सालों की कठिन परिश्रम और तप से किए गए शोध से मिली जीवन जीने की वह विद्या है जिसके निरंतर अभ्यास से मानव जीवन सहज, सरल और निरोगी रह सकता है। उन्होंने कहा कि भौतिक सुख क्षणिक सुख है। इनके सीमित उपयोग और प्रकृति की निकटता से जीवन में आनंद और उल्लास भरा जा सकता है।

यह विचार आर्य समाज विकास ट्रस्ट बहल के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर में चल रहे ध्यान.योग.साधना एवं चिकित्सा शिविर में योगाचार्य हरपाल शास्त्री ने व्यक्त किए।



**चरखी दादरी।** डीएफओ को पौधारोपण अभियान का निमंत्रण देते संगठन पदाधिकारी।

## संगठन लगाएगा एक लाख पौधे

**चरखी दादरी।** मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन द्वारा सामाजिक कार्यों की मुहिम के तहत दादरी जिले को हरियाली से युक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। संगठन की इस मुहिम में सक्रिय योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा। अभियान का आगाज 30 जून को रानीला गांव से लिया जाएगा। वीरवार को संगठन संस्थापक पूर्व बैंक अधिकारी बलवान साहू व युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल साहू ने डीएफओ नवलकिशोर के मुलाकात कर मुहिम के प्रथम पौधरोपण शिविर का निमंत्रण दिया। साहू ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए व तापमान में हो रही बेहताशा वृद्धि को कम करने में सहयोग देने के लिए मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन द्वारा मुहिम आरंभ की जा रही है, जिसका शुभारंभ रानीला में 30 जून से होगा। मुहिम में कम से कम एक लाख पौधे रोपित करवाने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने के लिए संगठन जिले के शहरी, कस्बाई व ग्रामीण इलाकों में नागरिकों को पौधे गोदे लेने की शपथ दिलवाई जाएगी।

# समर कैंप में बच्चे बड़े उत्साह से ले रहे भाग

■ बच्चों को समर कैंप में किया नशा न करने बारे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश की अध्यक्षता में बाल भवन में आयोजित समर कैंप में बच्चे बड़ा उत्साह से भाग ले रहे हैं। इस समर कैंप में डांस, योगा, ब्यूटी केयर, सिलाइ, ताई क्वांडो, ड्राइंग आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह शिविर 31 जुलाई तक चलेगा। वीरवार को बाल भवन में लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया और अधिक से अधिक इन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने की अपील की।

जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश बिब्यान ने कहा कि आजकल युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे से पीड़ित है क्योंकि पहले युवा नशे को शौक के रूप में लेने लगते हैं लेकिन बाद में इसकी लत लग जाती है। एक समय ऐसा आता है कि वह नशे के बिना रह नहीं पाते क्या सही और क्या गलत है। इसका भी एहसास उसे नहीं रहता धीरे.धीरे वह परिवार व समाज से दूर होता चला जाता है। नशा कोई भी हो वह जीवन को उजाड़ कर रख देता है।



**भिवानी।** प्रतियोगिता में भाग लेती एक प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

## आयोग के निर्देश पर मतदान केंद्रों का होगा रेशनेलाइजेशन

**चरखी दादरी।** हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमा शर्मा ने फोटो युक्त मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी बीएलओ 25 जून से 24 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाता सूचियों की त्रूटि ठीक करने का कार्य करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने उन्हें जानकारी दी। उपायुक्त ने इसके बाद बैठक में जिला के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया जा रहा है ।

## 12वीं पास के लिए अपार संभावनाएं

**चरखी दादरी।** ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए भारत की सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात केंद्रीय विश्वविद्यालय है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते हैं। पहला जनवरी सेशन के लिए और दूसरा जुलाई सेशन के लिए फार्म भरा जाता है।

जुलाई सेशन की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है। एडमिशन की अंतिम तिथि 30 जून है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्मपाल ने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते हैं , उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विवि है।

# वृष्टि यज्ञ में आहुति डालकर किया प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहारू



शहरवासियों के सहयोग और श्री श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में अनाज मंडी के श्री हनुमान मंदिर परिसर में वृष्टि एवं समृद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें यजमान के रूप में व्यापार मंडल के प्रधान धनपत सैनी, रतन अग्रवाल, हरिशरण सिंगला, विजय बंसल सहित अनेक लोग शामिल हुए। स्वामी नित्यानंद के सानिध्य में आयोजित यज्ञ को लेकर शहर के लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया।

वहीं यज्ञ संपन्न होने के महज दो घंटे के भीतर हुई झमाझम बरसात के बाद शहर के लोगों ने सफल यज्ञ के लिए खुशी जाहिर की। श्री श्याम सेवा समिति के प्रधान लीलाधर डालमिया, राधेश्याम स्वामी, सुभाष स्वामी, राजेंद्र शर्मा, अनिल पांडेय आदि ने बताया कि प्रतिवर्ष मंदिर परिसर में वृष्टि यज्ञ का आयोजन करवाया जाता है तथा यज्ञ के दिन ही इंद्रदेव प्रसन्न होकर बरसात करते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति में यज्ञ का महत्व सदियों से चला आ रहा है तथा वर्तमान में यज्ञ परंपरा के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। यज्ञ में समाज सेवी प्रेम सोनी, राजेंद्र गुप्ता, महेश गोपालवासिया, अशोक कलानौरिया, नत्थूराम सैनी, आशा कुमारी, सुनीता सीएचसी सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने आहुति डाली और यज्ञ देव से भगवान इद्रदेव को प्रसन्न करने व विश्व मंगल की कामना की।

## ग्राम पंचायत सीसर ख़ास में फैंसिंग की खेल नर्सरी हुई शुरू

**भिवानी।** ग्राम पंचायत सीसर खास में फैंसिंग की खेल नर्सरी का शुभारंभ किया गया है। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को फैंसिंग तलवारबाजी जैसे खेलों में प्रशिक्षित करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस नर्सरी का उद्घाटन होते ही बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस खेल नर्सरी के प्रमुख प्रशिक्षक लोकेश कुमार हैं, जो बच्चों को फैंसिंग की बारीकियों से अवगत करवा रहे हैं। लोकेश कुमार का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चों को उचित प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलनी चाहिए ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

# समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

■ समाधान शिविर में नीतिगत मामलों से जुड़ी शिकायतों को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा रहा ताकि नियमानुसार की जा सकें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



**भिवानी।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में एडीसी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी गई और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है।

एडीसी ने कहा कि नागरिकों की समस्या के समाधान में समाधान शिविर कारगर साबित हो रहें हैं। एडीसी हर्षित कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार ने समाधान प्रकोष्ठ का गठन किया है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्त्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। नीतिगत मामलों से जुड़ी शिकायतों को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा रहा ताकि नियमानुसार उन पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जिला के नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार के निर्देशों पर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस में आयोजित किये जा रहे शिविर में लेकर आएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी गंभीरता के साथ एक्शन लिया जाता है व जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाता है।



**चरखी दादरी।** ग्रामीणों से रूबरू होते पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान। फोटो: हरिभूमि

## पूर्वमंत्री सांगवान ने सुनीं समस्याएं

**चरखी दादरी।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सतपाल सांगवान ने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव रणकोली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को समस्याएं सुनीं। सांगवान ने कहा कि ऊण से बाबा चंदूधाम तक वाया बौंदकलां, रणकोली तक सड़क का निर्माण होगा। सड़क निर्माण के लिए 1.12 करोड़ रूपये मंजूर करवाएं है। इसका कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जनकल्याण के लिए भाजपा ने अनेक योजनाएं चलाई है। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतों के लिए समाधान प्रकोष्ठ का भी गठन किया है। ये समाधान शिविर जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जाते हैं। वे अपनी शिकायतें इन समाधान शिविरों से त्वरित निपटवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहितैषी है, वह अंत्योदय की भावना से हर गरीब को सभी मूलभूत सुविधाएं देने के लिए वचनबद्घ है। पूर्वमंत्री ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों की बिजली, पीने का पानी आदि से सबंधित समस्याएं सुनी। इस दौरान रणकोली के किसानों ने शिकायत में बताया कि ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा राशि नहीं मिली है।

## सार्वजनिक स्थानों पर असभ्य कपड़े पहनने पर रोक रोक लगाए सरकार

**भिवानी।** गुजरानी की महिला सरपंच रेनू द्वारा गांव में कच्छे या कैफरी पहनकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमने पर रोक लगाने के फैसले का पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत गुजरानी का यह अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति और पारंपरिक परंपराओं को संभाल कर रखना होगा तथा इसकी शुरूआत स्वयं से ही करनी होगी। फौगाट ने कहा कि इस पहल से समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि आजकल युवाओं में इस प्रकार के असभ्य कपड़े पहनकर घूमने का शोक चढ़ा हुआ है,जिसके कारण गांव की महिलाओं व बेटियों को शर्मिंदा होना पड़ता है। युवाओं को सरपंच कोई कार्य होता है, तो वे इसी प्रकार के कपड़े पहनकर उनके पास जाते है, जिससे उन्हे असहज महसूस होता है।



**बहल।** एकत्रित लोगों को संबोधित करते पूर्व विधायक सोमबीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

## आने वाला समय कांग्रेस का : सांगवान

**बहल।** पूर्व विधायक सोमवीर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों में आए नतीजों से यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले विधानसभा चुनावों में हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। भाजपा ने सता के नशे में चूर होकर और अति विश्वास में 400 पार का जो नारा दिया था वो जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। प्रदेश में पांच लोकसभा सीटें जीतने के बाद अब आमजन को विश्वास हो गया है कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा। वे वीरवार को स्थानीय ब्रह्मदत्त मेमोरियल हाल में बहल ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दस सालों में ऐसी नीतियां लागू की जिससे आमजन का जीना मुश्किल हो गया। कभी नोटबंदी, कभी जीएसटी तो कभी त्रुटिपूर्ण परिवार पहचान पत्र जैसी ऐसी उलझनें पैदा कर दी कि लोगों का भाजपा से मोहभंग हो गया। लोगों को विकास के नाम पर केवल बरगलाया गया पर कहीं भी कोई विकास नहीं हुआ। सरकार के नुमाइंदें इन पांच सालों में विकास योजनाओं की घोषणाएं की करते रहे जबकि कोई भी काम शुरू नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि जनता को भाजपा की असलियत पता चल गई है अब जनता इनके किसी और नए जुमले के झांसे में आने वाली नहीं है।



**चरखी दादरी।** प्लॉट धारकों को आवंटन पत्र सौंपते नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## प्लॉटों के आवंटन पत्र सौंपे

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत ड्रा में निकले प्लॉट धारकों को नगर परिषद कार्यालय में आवंटन पत्र वितरित किए। नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने स्वयं करीबन 60 गरीब बेघरों को उनके अपने प्लाटों के पत्र सौंपे। इस दौरान इन सभी परिवारों की खुशी देखते बन रही थी, सभी की आंखों में अपने जीवन के सबसे बड़ी सपने के पूरी होने की प्रसन्नता साफ नजर आई। सैनी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ही सही मायनों में आम गरीब नागरिकों के हितों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रिकार्ड समय के अंदर मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को उनके प्लॉट दिलवाने के लिए काम तेज गति से अभी तक किया गया है। इतनी शीघ्रता से अन्य किसी सरकार ने आज तक काम नहीं किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस दिशा में अपने कार्यकाल के प्रथम दिन से ही पूरी तरह से गंभीर रहे, क्योंकि वो आम जानते है कि अपना घर व उसके लिए जमीन पाना किसी भी गरीब नागरिक के जीवन की सबसे बड़ी अभिलाषा व इच्छा होती है।

## 14 स्कूलों में ऑनलाइन प्रशिक्षण का करवाया जा रहा आयोजन

# पीएम श्री स्कूलों में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

दीपक कुमार डुमड़ा ▸▸| बवानीखेड़ा

■ अधिकारी बोली.मील का पत्थर साबित होगा प्रशिक्षण

बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एससीईआरटी गुरुग्राम पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों के ऑनलाइन प्रशिक्षण का आगाज हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आगाज वीरवार को हुआ और समापन शनिवार को होगा। यह प्रशिक्षण एससीईआरटी गुरुग्राम द्वारा ऑनलाइन करवाया गया जिसमें निरीक्षण करने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी का कार्यभार संभाल रही संतोष नागर, एपीसी विवेक अदलखा, कर्मवीर सिंह पहुंचे। उन्होंने भिवानी व बवानी खेड़ा दोनों खंडों का निरीक्षण किया। सभी शिक्षकों के द्वारा इस प्रशिक्षण में रूचि देखकर अधिकारी ने सभी की पीठ थपथपाई।



**बवानीखेड़ा।** वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एससीईआरटी गुरुग्राम पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों का प्रशिक्षण में संबोधित करते हुए।

**जिले के 14 स्कूलों में चल रहा ऑनलाइन प्रशिक्षणः** एससीईआरटी गुरुग्राम द्वारा चलाए गए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन भिवानी जिले के 14विद्यालयों में चलाया जा रहा है जिसमें हर खंड के दो स्कूलों को शामिल किया गया। किरावड पीएम श्री विद्यालय के शिक्षकों ने भी बवानी खेड़ा स्थित वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर प्रशिक्षण ग्रहण किया। व्यवस्था प्रबंधन विद्यालय मुखिया द्वारा करवाया गया।

### मील का पत्थर साबित होगा ऑनलाइन प्रशिक्षण

डीईईओ एवं डीपीसी का कार्यभार संभाल रही संतोष नागर ने एपीसी विवेक अदलखा, कर्मवीर सिंह संग मिलकर शिक्षकों को बताया कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा 27 से 29 जून 2024 तक एससीईआरटी गुरुग्राम में पीएम श्री स्कूलों के दो शिक्षकों, प्रधानाचार्यों के लिए व्यक्तिगत क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला कार्यक्रम का उद्धेश्य पीएम श्री विद्यालयों में कार्यरत सभी प्राचार्यों तथा अध्यापकों के कौशल, क्षमताओं और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**सूचना**

मैं, सुखवीर सिंह पुत्र श्री भगवान सिंह निवासी गांव कितलाना, तह. व जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमन कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### 60 बोतल अवैध शराब पकड़ी, मामला दर्ज

**लोहारू।** लोहारू थाना पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर गांव सिंघानी में 60 बोतल अवैध शराब बरामद की है तथा आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार लोहारू थाना पुलिस टीम को सिंघानी में अवैध शराब बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम के साथ मौके पर छापा मारा और एक युवक को अवैध शराब के साथ काबू कर लिया। पुलिस ने अग्रेजीए देशी व बीयर सहित अवैध शराब की करीब 60 बोतलें कब्जे में ली है।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में ट्रेनिंग का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर के आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में दो दिवसीय गुरु दक्षिता के अधीन इंटर हाउस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य नीतीश मिश्र ने की इन दो दिनों में सभी अध्यापकों को सीबीएसई की गाइडलाइन के निर्देश अनुसार एनईपी 2020 के प्रमुख विजन जैसे नेशनल फ्रेमवर्कए जादुई पिटारा, स्क्वाड, क्रेडिट स्कोर, न्यू स्लैब, पेपर मेकिंग और वल्यू मूल्यांकन आदि विषयों पर चर्चा की और शिक्षा सम्बन्धित आने वाली असुविधाओं को दूर करने के उपाय बताए।

### शिविर में 54 यूनिट ब्लड किया एकत्रित

**चरखी दादरी।** गांव दूधवा स्थित श्रीश्याम मंदिर परिसर में स्वर्गीय मास्टर ब्रह्मानंद कौशिक की पत्नी सीता देवी की दूसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैंप के दौरान दिवंगत सीता देवी के परिजनों सहित अन्य नागरिकों ने रक्तदान कर इस क्षेत्र में आगे आकर सहयोग करने का आहवान किया। कैंप के दौरान दादरी नगर के कृष्णा ब्लड बैंक से आए चिकित्सकों व सहयोगियों ने अपनी सेवाएं देते हुए रक्त एकत्रित किया। इस दौरान दंतरोग, नेत्र जांच व स्त्री रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किए, जिनमें दंत विशेषज्ञा डॉ. सपना आदि ने सहयोग किया।

## बकाया पेमेंट व अन्य समस्याओं को लेकर ठेकेदारों में रोष, सब्र का बांध टूटा

# ठेकेदारों ने कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर दिया धरना

**जल्द समाधान न होने पर ठेकेदारों ने 28 जून से सभी कार्य बंद करने का लिया निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी





**चरखी दादरी।** विभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय के समक्ष धरने के दौरान नारेबाजी करते जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के ठेकेदार व अधिकारी को ज्ञापन सौंपते जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के ठेकेदार। फोटो : हरिभूमि

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के ठेकेदारों ने बकाया पेमेंट व अन्य समस्याओं को लेकर रोष जताया। समस्याओं को लेकर कई माह से लगातार अधिकारियों के समक्ष बात रखने वाले ठेकेदारों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। गुरुवार को उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सख्त रूख अपनाते हुए कार्यकारी अभियंता के कार्यालय समक्ष धरना व प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी के साथ अपने गुस्से का इजहार किया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक ठेकेदार यूनियन जिला प्रधान पूर्व चेयरमैन प्रीतम सिंह बलाली की अगुवाई में सभी ने बैठक कर समस्याओं पर चर्चा की। इसके उपरांत सभी ने पुरानी मांगों व बकाया पेमेंट सहित अन्य समस्याओं को लेकर अभियंता आफिस पहुंचकर मांगपत्र सौंपा। प्रीतम व अन्य ठेकेदारों ने बताया कि उनकी प्रमुख बकाया मांगों में मेंटिनेश के बिलों की पेमेंट करवाई जाए, मेटिंनेश के एस्सीटमेंट करवाए जाए, गत वर्ष 2023 के दौरान दादरी के सीवर पर किए गए कार्यों के एग्रीमेंट आनलाइन किए जाए व उनकी पेमेंट की जाए। इसके अलावा तत्कालीन अभियंता फूलसिंह द्वारा पास किए बिलों की पेमेंट करवाई जाए।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान कोषाध्यक्ष अजय भागवी, पवन पैंतावास, राजेंद्र माईकलां, ओमप्रकाश महराणा, चरण सिंह बिरहीकलां, अमरजीत पातुवास, आनंद पैंतावास, राजेश बधवाना, सुखबीर घसौला, उमेद मोरवाला, कुलदीप, बलजीत, संजय बिरही कलां, कृष्ण कलियाणा, दिनेश बलकरा, प्रवीन अटेला, प्रीतम झामरी, नरेंद्र छपार, राजेश, संदीप अटेला, बलजीत समसपुर, ब्रह्मानंद पालडी, मंजीत जगरामबास, जोगेंद्र मकड़ाना आदि ठेकेदार उपस्थित थे।

### आज से सभी काम बंद

प्रीतम ने बताया कि कई पेमेंट तो पिछले सात सालों से बकाया है, जिसके लिए हजारों बार अधिकारियों व विभाग से विनती कर चुके है, लेकिन किसी के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। हर बार जल्द करवाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता, ऐसे में ठेकेदार किसके पास जाए, क्योंकि वो सारे काम नकद देकर ही करवाते है। कब तक आखिरकार कोई उधार करेंगा, हालात ये है कि उपायुक्त व मुख्यमंत्री कार्यालय तक गुहार लगा चुके है। ठेकेदारों ने निर्णय लिया कि 28 जून शुक्रवार से सभी कार्यों को बंद किया जाएगा।



भिवानी। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों से परिचय लेते एक खेल प्रशिक्षक।

## अंडर 13, अंडर 15 व अंडर 17 आयु वर्ग के लिए ट्रायल हुआ

- प्रतिभावान खिलाड़यों को बेहतरीन प्लेटफॉर्म देकर आगे बढ़ाते हैं क्लब :राजेश बूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव प्रेमनगर के फुटबॉल ग्राऊंड पर एमआर फुटबॉल क्लब के द्वारा चयन के लिए लड़कों की ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 13, अंडर 15 व अंडर 17 आयु वर्ग के लिए ट्रायल हुई। इसके लिए क्लब की तरफ से मैनेजर जितेंद्र सिंह एवं अक्षय दीप सिंह कोच ने ट्रायल लेकर बच्चों को शॉर्ट लिस्टेट किया। ट्रायल प्रतियोगिता के आयोजन में सरपंच राजेश बूरा ने व्यवस्था का इंतजाम किया तथा खिलाडिय़ों के लिए रिफरेशमेंट की व्यवस्था भी की गई। इस मौके पर सरपंच राजेश बूरा ने बताया कि इस प्रकार क्लबों आदि के द्वारा फुटबॉल की प्रतिभाओं विशेषकर ग्रामीण स्तर पर पहचान कर इनको एक बेहतरीन प्लेटफ ॉर्म देकर इन्हे आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस ट्रायल प्रतियोगिता में चयनित खिलाडिय़ों को अब एमआर फुटबॉल क्लब प्रशिक्षित करेगा तथा उनके प्रशिक्षण में आने वाले खर्च को भी वहन करेगा। यह एक सराहनीय कदम है, इससे खेल प्रतिभाओं को और भी बेहतर तरीके से निखारा जा सकता है। खिलाडिय़ों को आशीर्वाद देने के लिए हॉकी कोच विरेंद्र दुहन, सेवानिवृत्त प्राचार्य रमेश बूरा, संदीप मास्टर,रवि ढांडा, जसविंद्र उर्फ मोनू, योग सहायक योगेश, बूरा खाप सचिव रमेश बूरा, जोगेंद्र सिंह, राजेश व मोनू पहुंचे एवं खिलाडिय़ों का मागदर्शन किया। इस मौके पर कोच विरेंद्र दुहन ने इस आयोजन के लिए ग्राम प्रेमनगर के लिए अच्छी उपलब्धि बताया।



**भिवानी।** अतिथियों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### ग्यारह पहलवानों ने जीते पदक

**भिवानी।** दादू दयाल स्पोर्ट्स एकेडमी चेतराम अखाड़ा के 11 पहलवान जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाया। विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए महंत दौलतराम ने खेलों के महत्व के बारे में बताया। अखाड़ा संचालक बाबा मोहनदास ने बच्चों को और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रतियोगिता में रीतू जिला कुमारी प्रथम, राधिका 40 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम, 43 किग्रा भारवर्ग में कीर्ति प्रथम स्थान जीता। वहीं दीपांशी 53 किग्रा भारवर्ग में प्रथम, प्रियंका 53 किग्रा भारवर्ग में प्रथम, अंतिमा 55 किग्रा भारवर्ग में प्रथम, पूजा 53 किग्रा भारवर्ग में अंडर-21 प्रथम, जितेश 55 किग्रा भारवर्ग में प्रथम, अंकिता 59 किग्रा भारवर्ग में प्रथम, हिमांश-80 किग्रा भारवर्ग में प्रथम, दुष्यंत-55 किग्रा भारवर्ग में प्रथम। इस अवसर पर अखाड़ा के कोच राहुल, राजेंद्र कोच, भारत, भीम, रवि पहलवान, जोगेंद्र पहलवान, मोनू पहलवान, सुमित कोच, जितेंद्र कोच, बॉक्सिंग कोच संदीप आदि मौजूद रहे।

## जीएनएम की छात्राओं ने शहर में निकाली रैली

- विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शान के स्लोगन के साथ सिविल सर्जन ने रैली को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में चौ. बंसीलाल सामान्य अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को मनाया जाता है। विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में बढ़ती आबादी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों और इससे जुड़े सभी मुद्दों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हे जागरूक करना है। इसी कड़ी में दंपति सम्पर्क पखवाड़ा के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए एएनएमए जीएनएम की छात्रांए तथा एमपीएचडबल्यू मेल द्वारा शहर में रैली निकाल कर जागरूक किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने हस्पताल के पार्क में पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने बताया कि इस मौसम में पौधा लगाने के साथ.साथ उनकी देखभाल करनी भी जरूरी है। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने बताया कि जिला भिवानी में 27 जून से 10 जुलाई 2023 तक दंपति सम्पर्क पखवाड़ा मनाया जायेगा। वही 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जायेगा। इन दिनों स्वास्थ्य विभाग की संस्थाओं में जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए तरह.तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें जिसमें परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक दवाओं के प्रयोग से लेकर सुरक्षित यौन सम्बन्धों बारे लोगों को बताया जायेगा। पखवाड़े के दौरान लोगों को नसबन्दी करवाने के लिए जागरूक किया जायेगा। सिविल सर्जन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला भिवानी में विशेष अभियान चलाया जायेगा।

### 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

**चरखी दादरी।** जिलाधीश मनदीप कौर ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित करवाई जा रही परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने जारी आदेशों में कहा कि भिवानी बोर्ड द्वारा सीनियर सेकेंडरी रि-अपीयर की परीक्षा तीन जुलाई को दोपहर बाद दो बजे से पांच बजे तक तथा सेकेंडरी शैक्षिक पूर्ण विषय, अंक सुधार, रि-अपीयर परीक्षा चार जुलाई से 11 जुलाई तक दोपहर बाद दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होंगी। परीक्षाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए 144 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए गए हैं।

## शहीदों की सम्मान राशि बढ़ाने पर जताया सरकार का आभार

- हरियाणा देश का तीसरा राज्य, जहां शहीदों को मिलती एक करोड़ की सम्मान राशि : महेश

**भिवानी।** देश की रक्षा में शहीदों का अहम योगदान है, जिनके त्याग, संघर्ष एवं बलिदान की बदौलत ही भारत की सीमाएं सुरक्षित है, ऐसे में प्रदेश सरकार ने शहीद सम्मान राशि में बढ़ोत्तरी कर शहीदों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी मान देने का काम किया है।

ये बात हमारा अपना फाउंडेशन सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेश चौहान ने प्रदेश सरकार द्वारा शहीद सम्मान राशि बढ़ाकर एक करोड़ रुपये किए जाने पर सरकार का आभार जताते हुए कही। चौहान ने कहा कि दिल्ली व पंजाब के बाद हरियाणा देश का तीसरा ऐसा राज्य बन गया है, जहां अमर शहीदों के लिए सम्मान राशि एक करोड़ रुपये की गई है।

उन्होंने केंद्र सरकार से शहीदों की सम्मान राशि के विषय में पॉलिसी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों में शहीदों की सम्मान राशि अलग-अलग दी जाती है तथा अभी भी बहुत से राज्य ऐसे है, जिनमें सम्मान राशि 25 लाख मिलती हैं।

## विद्यार्थी सिर्फ सपने न देखें : घसौला

- विद्यार्थी आत्मंथन कर बदलते परिवेश के हिसाब से हुनर को तराशे : घसौला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** मेधावी बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

विद्यार्थी आत्म मंथन करें, बदलते परिवेश के हिसाब से अपने हुनर को तराशें और आगे बढ़े। इसके साथ ही तकनीकी शिक्षा का महत्व बढ़ रहा है, खुद को हररोज अपडेट रखें, सिर्फ सपने न देखें कर्म से उन्हें सच करने का प्रयास करें। ये बात हरियाणा माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन प्रधान सोमवीर घसौला ने विद्यार्थियों का हौंसला अफजाई करते हुए कही। वे घिकाड़ा रोड केएन सीनियर स्कूल परिसर में जिला बाल कल्याण परिषद दादरी द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह में बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे।

जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र मालिक ने उनका स्वागत किया। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के बीच प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया। इसके साथ ही समस्त नागरिकों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में अगर किसी जरूरतमंद होनहार विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता हो तो उनसे निसंकोच मिल सकता है।

## तानाशाही रवैये से कर्मचारी परेशान

- संगठन आगामी रणनीति बनाने को मजबूर : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों व समस्याओं के लिए कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत डिविजन नंबर 2 के प्रांगण में धरने के चौथे दिन की अध्यक्षता शहरी ब्रांच के वरिष्ठ उपप्रधान बजरंगलाल ने की तथा संचालन शहरी ब्रांच के प्रधान जयकिशन शर्मा ने किया।

रने में विशेष रूप से प्रांतीय प्रेस सचिव कर्णसिंह लाम्बा, जिला पूर्व प्रधान लीलाराम कौशिक, जिला उपप्रधान सुरेश कौशिक ने शिरकत की। प्रांतीय प्रेस सचिव लाम्बा ने बताया कि कार्यकारी अभियंता का रवैया कर्मचारियों की मांगों के प्रति नकारात्मक है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। पूर्व जिला प्रधान लीलाराम कौशिक ने कर्मचारियों को अवगत करवाया कि अधिकारी की नीति कर्मचारियों के प्रति तानाशाही है तथा अधिकारी कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान करने के प्रति रूचि नहीं दिखा रहा है, जिससे कर्मचारी वर्ग बहुत ही परेशान है। संगठन वातार्लाप से कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान करना चाहता है, लेकिन अधिकारी का रवैया अड़ियल लग रहा है। इस अवसर पर जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## सांझी गली निर्माण का टेंडर कल हो सकता है ओपनः सचिव

# नगर पालिका सचिव से मिले वार्ड पार्षद व मोहल्लावासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



खस्ताहाल गली

कस्बा की सांझी गली वार्ड संख्या 3,4 पांच नगर पालिका द्वारा अनेक वादे किये जाने के बाद नहीं बन पा रही है। वार्ड में दिनों-दिन गली की बदहाली की वजह से गलीवासियों में झगड़े की स्थिति बनी रहती है, जिसको लेकर वार्ड पार्षद व मोहल्ले के लोग नगर पालिका सचिव विनय काठपालिया से मिले। हरियाण जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि एडवोकेट राजेश सिंधू ने बताया कि वर्ष 2020 से पहले वार्ड संख्या 3, 4, 5 की सांझी गली बदहाल पड़ी है, जिसको लेकर वार्ड संख्या 4 की पार्षद मीना चौपड़ा 24 दिनों तक धरने पर बैठी थी।

- लंबे समय से उबड़ खाबड़ पड़ी थी गली, क्षेत्रवासियों को हो रही थी परेशानी

इस पर सरकार व पालिका द्वारा गली निर्माण अतिशीघ्र करवाने की बात कहकर धरना समाप्त करवाया था, लेकिन आज तक गली ज्यों की त्यों बदहाल पड़ी है। वहीं गलीवासी सुरेश, पवन, दलबीर फौजी, संदीप, सुभाष, अशोक, गुरनाम, नरेश, श्रीपाल, सतबीर फायर ऑफिसर, का बताना कि गली निर्माण के लिए अनेक यत्न किए। शासन व प्रशासन से गुहार की, उन्होंने कहां कि सुनते-सुनते कान पक गए, गली में विकास के नाम पर आज तक ईंट नहीं लगी है। यही हालात हमारे सामुदायिक केन्द्र, अम्बेडकर पार्क, शमशान घाट, धर्मशाला, गली व चौकों की है। वर्ष 2017-18 में कस्बा के सभी शमशान घाट, धर्मशाला, पार्क जाति व वर्ग को पांच-पांच लाख रुपये दिये थे। हमारे हिस्से का एक भी पैसा विकास के नाम पर नहीं लग पाया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति ये बनी है कि वार्डवासियों ने अपने घरों के आगे मिट्टी डालकर ऊंचा कर लिया कि उनके मकानों को क्षति न पहंचे, जिसके चलते आपसी मतभेद होने की वजह से झगड़े की आशंका बनी रहती है। आज सुबह-सुबह एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के आगे मिट्टी डालने से पड़ासियों को एतराज हो गया। गलीवासियों द्वारा पार्षद सतपाल गक्खड़,पार्षद बलवंत गौरी व मीना चौपड़ा को सूचित किया।

### अतिशीघ्र कार्य होगा शुरू

उन्होंने सूचना सचिव विनय को दी। सचिव ने दोनों पक्ष सहित पार्षदों व मौजिजों को कार्यालय बुलाया, जिन्होंने बताया कि सांझी गली का टेंडर लग चुका है, जो कल तक खुलने के आसार है, जिसमें पांच एजेंसियों ने भाग लिया है। टेंडर छुटने के बाद अतिशीघ्र कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

BANWARI LAL JINDAL SUIWALA COLLEGE
TOSHAM (BHIWANI)
Govt. Aided College affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani
Website: www.bljspgcollege.com

Applications are invited for the posts of Assistant Professor for Undergraduate & Postgraduate courses on regular basis under Self-Finance Scheme(SFS) and on contractual basis with consolidated salary for the academic session 2024-25 in the subjects as below:

| Regular Base Posts Under SFS | | Posts on Contract Basis | |
|---|---|---|---|
| Commerce | 3 | Geography | 1 |
| Mathematics | 3 | Psychology | 1 |
| Chemistry | 3 | Health and Physical Education | 1 |
| Physics | 3 | English | 2 |
| History | 3 | Computer Science | 3 |
| Hindi | 1 | Political Science | 1 |

The eligibility and qualifications as per latest norms/guidelines notified by UGC/DGHE/CBLU Bhiwani.The application along with supporting documents should reach to the office of Principal, BLJS College Tosham-127040 (Distt. Bhiwani) within 21 days from the date of this advertisement. The subject wise date of interview will be uploaded on the college website www.bljspgcollege.com. No TA&DA will bepaid to attend the interview.

**Note: A copy of the same application should be sent to The Dean of Colleges, CBLU Bhiwani before last date.**

PRESIDENT PRINCIPAL